



# विधायक ने क्षेत्र के विकास के दस साल का बताया एक्शन प्लान

## हनुमान वाटिका का किया गया लोकार्पण, 23 लाख की लागत से बनकर तैयार

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 2 जनवरी, हनुमान नगर परिषद द्वारा निर्मित नगर का पहला पार्क हनुमान वाटिका का लोकार्पण क्षेत्र के विधायक प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनूआशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन माल्यार्पण और दीप प्रज्वल्लन के साथ फीता काटकर किया गया.**



उल्लेखनीय है कि 23 लख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 6 में नगर परिषद द्वारा निर्मित कराए गए हनुमान वाटिका का लोकार्पण करते हुए विधायक प्रदीप पटेल ने क्षेत्र के 10 वर्षों की विकास की कार्य योजना को भी सबके सामने रखते हुए कहा कि इस पार्क को और भी सुसज्जित करने तथा इसमें खुलने और बंद होने टाइमिंग निर्धारित करने के साथ ही इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस पार्क में माताएं बहने और सज्जन शक्तियां आ सके कहीं यहा लापरवाही के चलते सुबह शाम सीस बोतलों अंबार ना मिलने लगे वहीं अभी और भी पार्कों के निर्माण की आवश्यकता है. विधायक श्री पटेल ने क्षेत्र के विकास के 10 वर्षों की कार्य योजना बताते हुए कहा कि तकरीबन 275 एकड़ भूभाग में अकेले हनुमान में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने का प्लान है यहां आने वाली तकरीबन 500 छोटे बड़े उद्योग स्थापित होंगे जिसमें लोगों को रोजगार मुहैया होगा जिससे इस नगर का विकास होगा 10 वर्षों में नगर की आबादी एक लाख हो जाएगी और हनुमान खटखरी से जुड़ जाएगा और खटखरी के बाद नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ मऊगंज तक की एरिया मिलकर एक बड़े कॉरिडोर के रूप में विकसित हो जाएगा उन्होंने मऊगंज को स्मार्ट सिटी बनाने के प्रस्ताव की बात कहीं. अध्यक्षीय उद्बोधन में नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने अपने कार्यकाल में किए गए विभिन्न कार्यों के उल्लेख के साथ ही आगामी नगर विकास की विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं का उल्लेख करते हुएक्षआने वाली विभिन्न समस्याओं का भी उल्लेख करते हुए उनके निदान की बाद अतिथियों के सामने रखी. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद की उपाध्यक्ष शरद गुप्ता पार्षद रजनीश उपाख्य राजू कॉल नवनीत गुप्ता अखिलेश गुप्ता वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती निर्मला कोल वरिष्ठ पत्रकार संपति दासगुप्त मौजूद रहे.

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में नोडल अधिकारियों का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जनवरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत रीवा जिले से आए नोडल अधिकारी रामजीत चतुर्वेदी एवं श्रीमती मनु सिंह का विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

भ्रमण के दौरान श्री चतुर्वेदी द्वारा विद्यालय की समस्त कक्षाओं का निरीक्षण किया गया. साथ ही कंप्यूटर प्रयोगशाला एवं विज्ञान प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया. निरीक्षण के समय विद्यालय में रेमेडियल कक्षाएं संचालित पाई गई तथा विद्यार्थी प्रयोगात्मक कार्य करते हुए मिले, जिसे देखकर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की. अधिकारियों ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व, अनुशासन एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए इसे अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्पद बताया. पी एम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसगड़ा के प्राचार्य गजराज सिंह भी उपस्थित रहे. विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया.



# पन्नी सरपंच पद के उपचुनाव में 322 मतों से महेंद्र मिश्रा की हुई जीत

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जनवरी, मऊगंज जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पन्नी में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में महेंद्र मिश्रा ने बड़ी जीत हासिल की है.**

उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राम आश्रम मिश्रा को 322 मतों के अंतर से पराजित करते हुए सरपंच पद पर कब्जा जमाया. उपचुनाव के घोषित आधिकारिक परिणामों के अनुसार महेंद्र मिश्रा को कुल 855 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राम आश्रम मिश्रा को 533 मतों से संतोष करना पड़ा. मतगणना पूरी होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला. इस उपचुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की. महेंद्र मिश्रा की जीत को स्थानीय जनता के विश्वास और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है. चुनाव परिणाम सामने आने के बाद महेंद्र मिश्रा ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पंचायत के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे.

# नववर्ष के पहले दिन मंदिर में दर्शन के लिये लगा भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 2 जनवरी, हर नव वर्ष की भांति इस नवीन वर्ष भी प्रभु अमारानाथ की कृपा से अमारानाथ धाम पडरा में सुंदरकांड पाठ एवं 56 प्रकार का दिव्य प्रसाद भोग लगाया गया.**



रीवा जिले के गुढ़ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पडरा अमारानाथ मंदिर में नए वर्ष के उपलब्ध में सुबह से दर्शन के लिए लोगों तांता लगा रहा. इसी क्रम में संध्याकालीन में सुंदरकांड का आयोजन किया गया. जिसमें कई गायको के द्वारा अपनी प्रस्तुति से लोगों का प्रसन्न किया. इसी क्रम में जिन लोगों ने गत वर्ष में मंदिर में अपना अमूल्य समय सेवा भाव में दिया है उन व्यक्तियों को श्री पाण्डेय एवं ज्ञानू अग्निहोत्री द्वारा साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया है. जिसमें मंदिर के पुजारी लाल जी तिवारी दिनकर शुक्ला मुन्ना शुक्ला ज्ञानू अग्निहोत्री मोहित द्विवेदी पवेद्र त्रिपाठी पंकजमणि त्रिपाठी राशि अग्नि रामाणि चतुर्वेदी मनीष अग्निहोत्री दीपक शुक्ला विपिन पाण्डेय साल श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं सुंदरकांड का गायन अपनी मधुर वाणी से पाठ किया गया है उनको भी सम्मानित किया गया है जानकारी के अनुसार पुरानी परंपरा का अनुसरण इसी बात होता है और युवाओं से भी आग्रह किया गया है कि ऐसे कार्यक्रमो में सभी बढ चढ़ कर ज्यादा से ज्यादा भाग ले.



थाने के सामने से अवैध बालू लेकर जाता ट्रैक्टर चालक

# बरहटा सड़क निर्माण का काम चल रहा धीमी गति से

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जनवरी, खराब सड़कें सिर्फ सफर मुश्किल नहीं बनातीं. बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी और सुरक्षा पर भी असर डालती हैं.**

गांवों में टूटी सड़क, गड्ढे, कीचड़ और धूल की समस्या सालों से लोगों की परेशानी रही है.सड़क निर्माण के अधूरे कार्य में सुरक्षा के लिए अस्थायी यातायात नियंत्रण, टेम्परारी ट्रैफिक कंट्रोल जैसे चेतावनी संकेत डाइवर्सन, और बैरिकेड्स लगाए जाते हैं, ताकि श्रमिकों और वाहन चालकों की सुरक्षा हो सके,साथ ही, काम पूरा होने तक ड्रेनेज और खुले गड्ढों को सुरक्षित रखना, और निर्माण सामग्री को व्यवस्थित रखना भी शामिल होता है, ताकि दुर्घटनाएं न हों और काम सुचारू रहे. अग्रिम चेतावनी संकेत निर्माण क्षेत्र से काफी पहले लगाना चाहिये.

# सोनौरी पंचायत पीसीओ पर लगा आरोप सरपंच से मांगी जा रही है अवैध रकम

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 2 जनवरी, समीपस्थ ग्राम पंचायत सोनौरी के सरपंच श्यामबाबू साहू द्वारा सोनौरी सीएफटी क्षेत्र के पीसीओ रामसिया बर्मा अवध रूप से पैसा मांगने के आरोप लगाया.**

आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा पंचायत क्षेत्र में शासन की योजना के तहत निर्धारित मापदंड के अनुसार लगभग 30 लख रुपए के पीसीसी रोड नाली निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य कराए गए हैं उसके बावजूद भी उन्हें लिखा पढ़ी के तौर तरीके बताने के नाम पर अवैध वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है. सरपंच श्याम बाबू साहू ने आरोप लगाया है कि जनपद सीईओ के नाम पर उनसे 30 हजार रुपए की पहले से ही वसूली कर चुके हैं और डेढ़ लाख रुपए की मांग कर रहे हैं. जनपद पंचायत त्योंथर के सोनौरी सीएफटी क्षेत्र के पीसीओ रामसिय वर्मा द्वारा सरपंचों से अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त हो रही है. ग्राम पंचायत सोनौरी के निर्वाचित सरपंच श्यामबाबू साहू ने बताया है कि पंचायत क्षेत्र के भीतर शासन की योजना के अनुसार पीसीसी रोड, नाली निर्माण एवं अन्य कई जन हितैषी मरम्मत कार्य कराए गए हैं जो शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार ही है.

सरपंच ने यह भी बताया है 435 मी पीसीसी रोड में लगभग 13 लाख 65 हजार एवं 460 मी पीसीसी रोड में 15 लाख 75 हजार रुपए व्यय किए गए इसके साथ ही नाली की सफाई मरम्मत नलियों के ऊपर ढक्कन आदि जनता की मांग और सुविधा को देखते हुए कार्य कराये गए हैं. पीसीओरामसिया वर्मा द्वारा उनसे डेढ़ लाख रुपए की मांग की जा रही है और उनके द्वारा लगभग 30 हजार रुपए पूर्व में भी लिया जा चुका है. इस सँदर्भ में सरपंच और रामसिया वर्मा के बीच मोबाइल पर हुई बात की भी रिकॉर्डिंग वायरल हो रही है. जिसमें राम सिया द्वारा अवैध वसूली की मंसा जाहिर की जा रही है. राम सिया के बारे में बताया है कि वह सीएफटी सोनौरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पंचायतों में अवैध वसूली के नियत से सरपंचों को डराते धमकाते रहते हैं. इस संदर्भ में जिला प्रशासन एवं पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह है कि मामले की पूरी जांच कराकर कार्यवाही की जाय.

# थाने के सामने से हो रही है अवैध बालू की निकासी

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 2 जनवरी, यूपी से लगे चाकघाट क्षेत्र में अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है जिस पर कोई रोक नही लग रही है.**

टमस और बेलन नदी में रेत की अवैध निकासी चल रही है जिससे शासन के राजस्व नुकसान हो रहा है फिर भी कार्यवाही नही की जा रही. रेत माफिया क्षेत्र में सक्रिय है. मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित चाकघाट में अवैध खनिज माफियाओं का बोलबाला बढ़ता जा रहा है. तमसा नदी से अवैध बालू के निकासी धडल्ले से होती है, और ट्रैक्टर ट्राली से लदकर में बालू उत्तर प्रदेश की सीमा में ले जाया जाता है. ट्रैक्टर से अवैध बालू ले जाने वालों को पुलिस एवं प्रशासन का कोई भय महसूस नहीं होता. यह निकासी पुलिस थाना चाकघाट के सामने से ट्रैक्टर ट्राली से बालू ले जाया जाता है. इसी तरह चाकघाट क्षेत्र में अवैध है बोल्डर, पत्थर एवं गिट्टी की निकासी एवं परिवहन खुलेआम होता है. यहां न तो प्रशासन का कोई भाय है न कानून कार्यवाही की चिंता.

यहां खनिज संपदा की अवैध निकासी य तो पुलिस की मिलीभगत से हो रही है अथवा पुलिस को यहां के अवैध कारोबारी कुछ समझते ही नहीं. मामले की जांच हो अवैध खनिज संपदा के निकासी रोकी जाय. अवैध कारोबारी के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए.

# बांधी बांधन कर रोका गया पानी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जनवरी, सेक्टर नंबर 02 खटखरी ग्राम पंचायत माजन मानिकराम में नवांकुर संस्था रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति कौवाढ़ान कुर्मियां में बांधी बांधन किया गया.**

देवरा ग्राम प्रस्फुटन समिति ग्राम प्रस्फुटन समिति चंदेह ग्राम पंचायत माजन मानिकराम अंतर्गत जोकी नदी मैं बोरी बंधान कर संस्था प्रमुख चंद्रशेखर मिश्र द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया. बोरी बंधान से होने वाले लाभ हानि की जानकारी दी गई



इस अवसर पर भूमिका निभाने वाले ग्राम पंचायत माजन मानिकराम के ग्राम प्रधान रमेश कोरी व ग्राम पंचायत सचिव रामदरस पटेल विकास कुशवाहा प्रतिभा विश्वकर्मा खुशबू सोनी हनुमना ग्राम पंचायत खजुरहन सचिव रामनिवास त्रिवेदी रवि सेन नीरज सिंह जी ग्राम पंचायत चंदेह सरपंच श्रीमती पुष्पा सिंह ग्राम पंचायत प्रधान जमुई शिवराज सिंह जी ग्राम पंचायत रामकुंडवा सरपंच लाल साहू एवं उनके सहभागी अंगद प्रसाद तिवारी मौजूद रहे.

# नववर्ष पर सिविल अस्पताल में सुंदरकांड के बाद प्रसाद का वितरण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 2 जनवरी, सिविल हॉस्पिटल मऊगंज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष ,नव वर्ष के उपलक्ष्य में सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया.**

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदुमन शुक्ला सर के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल मऊगंज मीटिंग हॉल में सुंदरकांड महा आरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. साथ ही विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन मीटिंग हॉल में किया गया. एएनएम रामवती मिश्रा और एएनएम निर्मला पांडे (सेवानिवृत्ति) अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर बीएमओ डॉ प्रदुमन शुक्ला सर द्वारा पुष्पगुच्छ, श्रीफल,और शाल देकर सम्मानित किया गया और सभी सिविल अस्पताल के सभी स्टाफ द्वारा सम्मानित कर कहा गया कि आपके समर्पण सहयोग और कार्य शैली के लिए सिविल हॉस्पिटल मऊगंज को आपकी कमी महसूस होगी. आपकी इन्हीं सेवाओ के लिए बहुत-बहुत आभार बहुत-बहुत धन्यवाद.



इस कार्यक्रम में उपस्थित बीएमओ डॉ प्रदुमन शुक्ला, हनुमना बीएमओ डॉ नागेंद्र मिश्रा, डॉ हरीश सोनी, डॉ आशीष तिवारी, डॉ रवि प्रताप सिंह, डॉ रुबी श्रीवास्तव, डॉ कुमुद पाठक, डॉ रुपेश वर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर रमानिवास तिवारी, सेक्टर सुपरवाइजर संतोष चतुर्वेदी, बीपीएम नीरज तिवारी, बीसीएम संजीव मिश्रा, एम आई बृजेन्द्र तिवारी, शशि शर्मा, अकाउंटेंट इजराइल खान, यादवेंद्र तिवारी मौजूद रहे.

# प्रधान न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में 5 दिवसीय राम कथा का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 2 जनवरी, स्वामी माधवाचार्य जी महाराज कीतपस्थली रामलीला मैदान हनुमना में 5 दिनों से चल रहे पंडित और प्रताप मिश्र स्मृति अखिल भारतीय रामचरितमानस सम्मेलन का समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधान जज रीवा समीर कुमार मिश्रा जस्टिस साजिश मोहम्मद विशिष्ट आतिथ्य में भगवान की आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ.**

रामलीला मैदान में विगत 60 वर्षों से अखिल भारतीय से रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन चला आ रहा है. जिसमें देश भर के संत विद्वानों के द्वारा श्री रामचरितमानस पर पांच दिनों तक मंथन कर क्षेत्र की जनता जनार्दन को परमात्मा की शरणागति रूपी मक्खन प्रदान किया जाता है. इस वर्ष भी राम कथा में रत्नावली पुरस्कार से सम्मानित किया तिलब्ध कथा वाचिका मानस कोकिला साध्वी नीलम राघव पंडित रामकिंकर उपाध्याय भारत भूषण सम्मान से सम्मानित रिटायर्ड जस्टिस माननीय अरुण कुमार सिंह काशी से पधारे विद्वान राघवेंद्र पांडे राघव जी, तांत्रिक पीठाधीश्वर भैरव दास महाराज, के अतिरिक्त पंडित पंडित मुद्रिका प्रसाद मिश्र, पंडित राज लखन मिश्रा पंडित रामाश्रय शास्त्री आदि विद्वानों ने रामचरितमानस के विभिन्न गुण राशियों को उद्धृत करते मानस की त्रिवेणी बहाई. दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्री राम कथा तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्था नित्य रहा करती थी. कार्टून के प्रमुख कर्ताधर्ता एवं संचालक डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा के आमंत्रण पर विश्राम दिवस पर प्रधान जिला जज रीवा माननीय समीर मिश्रा, जिला जज रीवा साजिश मोहम्मद एवं जिला जज मऊगंज, डीएसपी शहडोल राघवेंद्र द्विवेदी थाना प्रभारी अनिल काकडे आदि का आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र से सम्मान किया गया. वही प्रधान जिला जज रीवा समीर मिश्रा एवं डीएसपी राघवेंद्र द्विवेदी ने श्री राम कथा पर अपने-अपने विचार रखें.

सीधी से आए लोक कलाकार अरविंद पटेल एवं उनकी टीम ने बहुत ही सुंदर बघेली लोकगीत के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, तत्पश्चात वहां उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया एवं डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा ने श्री राम कथा कि आयोजन के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी. आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार संपत्ति दास गुप्ता ने करते हुए कहा कि पूज्य स्वामी माधवाचार्य जी महाराज किया परम पवित्र तपस्थली आज यह धर्मशाला प्रांगण जो बचा हुआ है वह उन्हीं के कारण बचा हुआ है अन्यथा इस पर भी कब्जा हो गया होता. तत्पश्चात जिला जज समीर मिश्रा एवं साजिद मोहम्मद, एवं जिला मऊगंज के द्वारा भगवान की आरती की गई कार्यक्रम का विश्राम प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ.



पांच दिवसीय रामकथा के समापन अवसर पर किया जा रहा सम्मान